>

Title: Need to expedite the implementation of Rajiv Gandhi Gramin Vidyutikaran Yojana in Rajgarh district of Madhya Pradesh.

श्री लक्ष्मण सिंह (राजगढ़) : महोदय, केन्द्र सरकार के संयुक्त साझा कार्यक्रम (कॉमन मिनीमम प्रोग्राम) के अंतर्गत देश के पिछड़े हुए जिले, जहां पर कि विद्युत की काफी समस्यायें व्याप्त हैं, वहां पर राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत पिछड़े हुए जिलों के ग्रामों को विद्युतीकरण करने का प्रावधान किया गया था। राजगढ़ (मध्य प्रदेश) जो कि पिछड़ा हुआ जिला है, इसमें 79.77 करोड़ की यह योजना विद्युत मंत्रालय में स्वीकृति हेतु लंबित है। योजना की स्वीकृति के अभाव में कार्य शुरू नहीं किया गया है। अतः इस योजना की शीघ्र स्वीकृति हेतु विद्युत मंत्रालय को निर्देशित किया जाये ताकि राजगढ़ जिले के ग्रामीणों को राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना का लाभ प्राप्त हो सके। इस योजना के अंतर्गत राजगढ़ जिले के 51,000 सर्वेक्षित परिवार जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले हैं, उनको भी एक बत्ती कनैक्शन का लाभ दिया जायेगा। इसका प्रावधान भी योजना में किया गया है।

* Treated as laid on the Table of the House.